कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.10.2024

विषय:- थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ अभियुक्त संजय मिश्रा उर्फ संजू गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 नफ़र अभियुक्त संजय मिश्रा उर्फ संजू पुत्र श्री सन्त कुमार मिश्रा निवासी धौरहरा दत्ता मिश्र का पुरा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-09.10.2024 को समय करीब 00.10 बजे कैथी बारी थाना चौबेपुर वाराणसी से 01 अदद नजायज देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0666/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त संजय मिश्रा उर्फ संजू ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने दो तमंचा जिसमें एक देशी व एक पिस्टल को एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था, जिसमें से पिस्टल को मैंने संदीप यादव पुत्र स्व0 रामजनम यादव निवासी ग्राम उगापुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी को बेचा था और यह तमंचा मैंने अपने पास शौकिया रखा था। मुझे जब जानकारी हुई कि संदीप यादव को पुलिस ने उस पिस्टल के साथ मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया है इसी डर से कि कही पुलिस मुझे भी गिरफ्तार न कर ले इसलिए मैं आप लोगों को देखकर भाग रहा था लेकिन आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

संजय मिश्रा उर्फ संजू पुत्र श्री सन्त कुमार मिश्रा निवासी धौरहरा दत्ता मिश्र का पुरा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 45 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- कैथी बारी थाना चौबेपुर वाराणसी से, दिनांक-09.10.2024 को समय करीब 00.10 बजे।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद नाजायज़ देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0 0666/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
2-मु0अ0सं0 0236/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
3-मु0अ0सं0 0272/2023 धारा 506 भा0द0वि0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
4-मु0अ0सं0 0604/2023 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
5-मु0अ0सं0 0605/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रभाकर सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 पंकज यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 मिथिलेश यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 विशाल प्रसाद थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।